# 593 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए

- आईआईएम में आयोजित चार दिवसीय संगोष्ठी का हुआ समापन
- स्टार्टअप, उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर चर्चा

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची में आईएसडीएसआई (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन) पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के 16वें संस्करण का समापन शुक्रवार को हुआ। चार दिनों में यहां के प्रतिभागियों ने रीइमेजिनिंग ग्लोबलाइजेशन विषय पर चर्चा की। संगोष्ठी में 593 रिसर्च पेपर प्रस्तुत हुए, जो आईआईएम, आईआईटी, प्रमुख बिजनेस स्कूल और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रबंधन विभाग सहित दुनिया भर के 1078 लेखकों द्वारा लिखी गई थी।

अंतिम दिन स्टार्टअप, उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर चर्चा हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम अहमदाबाद के डायरेक्टर प्रो भरत भास्कर, आईआईएम रांची के डायरेक्टर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

Hindustan_30.12.2023_Pg. 07